# कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख) जिला दतिया (म.प्र.)

Office E-mail Id- slrdatia1@gmail.com

क्रमांक 551/भू-अभि. /ख. गिर./वर्क/2022 दतिया दिनांक 28.07.2022

प्रति,

तहसीलदार

तहसील– दतिया/दतियानगर/बडौनी/भाण्डेर/इन्दरगढ/सेंवढा

विषय :– एमपी किसान एप के माध्यम से मौसम खरीफ 2022 गिरदावरी के प्रशिक्षण के संबंध में।

संदर्भ :– आयुक्त भू–अभिलेख म.प्र. भोपाल का पत्र कमांक 438/mplrs/kharif/Girdawari/2022 भोपाल दिनांक 27.07.2022

---

विषयान्तर्गत संदिर्भत पत्र में दिये निर्देशानुसार के पालन में मौसम खरीफ 2022–23 की गिरदावरी में कृषकों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिये एमपी किसान एप का नवीन वर्जन जारी किया जा रहा है। एमपी किसान एप के नवीन वर्जन में नवीन तकनीक सैटेलाईट इमेज/AI आधारित नवीन तकनीक के माध्यम से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु विस्तृत जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 29.07.2022 को 11:00 बजे कार्यालय भू–अभिलेख जिला दतिया में आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्री जीत यादव पटवारी द्वारा दिया जावेगा ।

अतः उक्त प्रशिक्षण में प्रत्येक तहसील से दो–दो पटवारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु तत्काल भेजना सुनिश्चित करें ताकि उक्त पटवारी जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपनी तहसील में एमपी किसान एप के माध्यम से खरीफ गिरदावरी का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक दे सके।

(रूपेश उपाध्याय)
अपर कलेक्टर
जिला दतिया म.प्र.

पृ. क्रमांक 551/भू–अभि. /ख. गिर./वर्क/2022 दतिया दिनांक 28.07.2022

**प्रतिलिपि–**

1 आयुक्त भू–अभिलेख म.प्र. ग्वालियर की ओर संदर्भित पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ।
2 अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग दतिया/सेंवढा/भाण्डेर की ओर सूचनार्थ ।
3 मास्टर ट्रेनर श्री जीत यादव पटवारी की ओर पालनार्थ।

अपर कलेक्टर
जिला दतिया म.प्र.

E:\SLR datia 2022\Workload RI\Letter.doc

Scanned with CamScanner

# कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 438 /MPLRS/Kharif_Girdawari/2022 भोपाल, दिनांक 27.7.2022

प्रति,

कलेक्टर,

जिला समस्त,

मध्यप्रदेश,

संदर्भ -एमपी किसान एप के माध्यम से मौसम खरीफ 2022 गिरदावरी के प्रशिक्षण हेतु।

संदर्भ -कार्यालयीन पत्र क्रमांक 405/MPLRS/Kharif 2022_Girdawari दिनांक 20/06/2022

मौसम खरीफ 2022-23 की गिरदावरी में कृषकों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए एमपी किसान एप का नवीन वर्जन जारी किया जा रहा है। एमपी किसान एप के नवीन वर्जन में नवीन तकनीक सैटेलाइट इमेज/AI आधारित संभावित फसल की जानकारी उपलब्ध होगी, जिसका अवलोकन कर खेत का फोटो खीचकर डाटा को सुरक्षित कर अपलोड किया जा सकता है।

एमपी किसान एप के माध्यम से मौसम खरीफ 2022-23 की फसल संबंधी जानकारी दर्ज करने हेतु दिनांक 01/08/2022 से 15/08/2022 तक कृषकों को समय दिया गया है। एमपी किसान एप के माध्यम से फसल की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण अधीक्षक भू-अभिलेख एवं मास्टर ट्रेनर्स को दिनांक 28/06/2022 एवं 26/07/2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदान किया जा चुका है।

कृषक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कार्यवाही की जाना है, जिससे अधिक से अधिक कृषक एमपी किसान एप का उपयोग कर स्वयं अपने खेत में बोयी गई फसल की जानकारी दर्ज कर सकें। उक्त कार्य हेतु **दिनांक 27/07/2022 से 29/07/2022 तक** तहसील स्तर पर पटवारियों हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जायें एवं **दिनांक 30/07/2022 से 05/08/2022 तक** पटवारियों के माध्यम से समस्त ग्रामों में अधिक से अधिक कृषकों को प्रशिक्षित कर एमपी किसान के माध्यम से कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जायें, जिससे कृषकों को स्वयं फसल गिरदावरी की जानकारी एप के माध्यम से दर्ज करने में असुविधा न हो। अतः कृषकों की सहभागिता के साथ गुणवत्तापूर्ण गिरदावरी सुनिश्चित करने हेतु उक्तानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर फसल गिरदावरी कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

संलग्न-यूजर मैनुअल।

27/07/22

(श्रीमन् शुक्ला)

आयुक्त भू-अभिलेख,

मध्यप्रदेश

Scanned with CamScanner

पृ. क्रमांक/ 438 /MPLRS/Kharif_Girdawari/2022 भोपाल, दिनांक 27.7.2022

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. संभागीय आयुक्त, समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. क्षेत्रीय उपायुक्त, भू-अभिलेख, समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं मॉनीटरिंग हेतु।
4. भू-अभिलेख अधीक्षक (नियमित), जिला समस्त, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजकर निर्देशित किया जाता है कि नियत समय-सारणी अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराकर आयोजित प्रशिक्षण दिनांक, स्थान, प्रशिक्षित कृषकों की संख्या एवं एमपी किसान एप में पंजीकृत कृषकों की संख्या आदि जानकारी संकलित करें, जिससे आवश्यक होने पर जानकारी का उपयोग किया जा सके।

आयुक्त भू-अभिलेख,

मध्यप्रदेश

Scanned with CamScanner